हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए




dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–26 : जौनपुर, गुरुवार 15 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तीन माह में प्रदेश के 4600 स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी हेल्थ एटीएम की सुविधा – सीएम योगी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा स्वास्थ्य लोकहित से जुड़ा विषय है। प्रदेश सरकार हर व्यक्ति को त्वरित, सुलभ और अत्याधुनिक चिकिसा एवं इससे संबंधित जांच की सुविधा देने को पूरी संवेदनशीलता के साथ संकल्पित है। लोक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के दृष्टिगत सरकार अगले तीन माह में प्रदेश के सभी 4600 प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम की हाईटेक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। सीएम योगी बुधवार शाम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) चरगांवा में गोरखपुर के पहले हेल्थ एटीएम सेंटर का शुभारंभ करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने में हेल्थ एटीएम की निर्णायक भूमिका होगी। हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी की अद्यतन महत्ता का एक छोटा सा उदाहरण है। स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगने के बाद गांव का व्यक्ति भी केंद्र पर जाकर 5 मिनट में 50 से अधिक जांच करा सकेगा, वह भी निशुल्क, बिना भागदौड़ के। उन्होंने कहा कि हेल्थ एटीएम आज की आवश्यकता है। सरकार की मंशा है कि अगले दो से तीन महीने में गोरखपुर के सभी स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एटीएम से आच्छादित हो जाएं। तीन से पांच मिनट में हो जाएगी 59 जांचे सीएम योगी ने ने कहा कि हेल्थ एटीएम से करीब 59 प्रकार की जांच एक ही जगह पर बैठे 3 से 5 मिनट में हो जाएगी। इसकी जांच रिपोर्ट को टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टर को ऑनलाइन भेजकर उचित चिकित्सकीय परामर्श लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि हेल्थ एटीएम में वजन, पल्स रेट, जैसी सामान्य जांच के साथ ही कार्डियक, ब्लड शुगर, यूरिन, डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस, आर्थराइटिस प्रोफाइल, प्रेगनेंसी टेस्ट, टाइफाइड जैसी महत्वपूर्ण जांच भी हो जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर ले सकेंगे टेली कन्सलटेंसी उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से अक्सर शिकायत मिलती थी कि पीएचसी–सीएचसी पर विशेषज्ञ डॉक्टर की उपलब्धता नहीं हो पा रही। टेली कंसल्टेंसी से जुड़े हेल्थ एटीएम इस समस्या का समाधान करेंगे। हेल्थ एटीएम नेटवर्क से भी जुड़ा रहेगा जिससे टेली कंसल्टेंसी की जा सके। इसके लिए सभी सीएचसी–पीएचसी को वाई फाई से लैस कर टेली कंसल्टेशन से जोड़ा जा रहा है। सीएम ने कहा कि हेल्थ एटीएम सीएसआर फंड से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सर्विस प्रोवाइडर से ही पैरामेडिक्स को हेल्थ एटीएम संचालन की ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। सभी जिला अस्पतालों में उपलब्ध करा रहे निशुल्क डायलिसिस सुविधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार सभी जिला अस्पतालों में निशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करा रही है। करीब 64 जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध हो गई है। शेष जिलों में भी इसे शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। सीएम आरोग्य मेला से लाभान्वित हो रहे लाखों लोग मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य को लेकर क्या कर रही है, इसकी एक झलक प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में देखी जा सकती है। इन आरोग्य मेलों में 2.5 से 4 लाख लोग निशुल्क जांच, परामर्श व दवा की सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं। सीएम आरोग्य मेले से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ करने में मदद मिली है। स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ होगी तो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर भी कम होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का कायाकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 के बाद से पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र के कायाकल्प का भी उल्लेख किया। 1977 से 2017 तक 40 सालों में 50 हजार मासूमों की मौत इंसेफलाइटिस से हो गई थी। 2017 के बाद से धीरे धीरे इस पर नियंत्रण पाया गया। इस वर्ष जेई (जापानी इंसेफेलाइटिस) और एईएस (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम) के कुल 40 मरीज मिले हैं। 7 मरीज जेई के हैं और सुखद बात यह है कि इनमें से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है। जबकि पहले प्रतिदिन 15 से 20 मौतें हो जाती थीं। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पूर्व जिस बीआरडी मेडिकल कॉलेज की हालत खराब थी वही कोरोना काल में इलाज की निर्णायक भूमिका में दिखा। अब तो बीआरडी मेडिकल कॉलेज सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक शुरू हो चुका है और इसके साथ ही गोरखपुर में एम्स की सेवाएं भी शुरू हो गई हैं। जिला अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का भी उन्नयन हुआ है। उन्होंने अपील की कि हर पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत अपना कार्ड अवश्य बनवा ले ताकि उसे पांच लाख रुपये तक इलाज के लिए बीमा कवर का लाभ मिल सके। हेल्थ एटीएम का शुभारंभ करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग जनों में ट्राई साइकिल वितरित की और दिव्यांगजन हेतु शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यूनिक आईडी कार्ड बनवाने की अपील की। इस अवसर पर सदर सांसद रविकिशन शुक्ला ने कहा कि सपा,बसपा की सरकारों ने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर कभी ध्यान ही नहीं दिया जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिशा में नई क्रांति लाई है। मानवता की सेवा ही उनका ध्येय है। 25 करोड़ जनता के लिए हरेक क्षेत्र में वह प्रदेश को ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। स्वागत संबोधन में पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास भाजपा सरकार का मूलमंत्र है। इसी मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को चिकित्सकीय जांच की सुविधा निशुल्क देने के लिए हेल्थ एटीएम की सौगात दी है। आभार ज्ञापन करते है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष दूबे ने कहा सीएम योगी से मिला हेल्थ एटीएम का उपहार आमजन की चिकिसा सुविधा हेतु संजीवनी है। इस अवसर पर अलवर के सांसद महंत बालकनाथ, राज्यसभा सदस्य डॉ राधामोहन दास अग्रवाल,महापौर सीताराम जायसवाल,भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धमेंद्र सिंह,गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह,कैम्पियरगंज के विधायक फतेह बहादुर सिंह, सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल,चरगांवा की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि मौजूद रहे।

## फिल्म थैंक गॉड को लेकर कायस्थ महासभा आक्रोशित : फिल्म के डायरेक्टर प्रोड्यूसर सहित अभिनेता पर एफ आई आर दर्ज कराने हेतु कोतवाली में दिया तहरीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थैंक गाड फिल्म प्रमोशन में हम सब आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के अपमान के विरोध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव / सभासद / मिडिया प्रभारी राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार मनीष श्रीवास्तव व राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों के साथ थाना कोतवाली जौनपुर पहुच कर प्रभारी निरिक्षक से प्राथमिक सूचना रिपोर्ट ( एफआईआर ) दर्ज कराने का अनुरोध किया और कहा कि हम सब प्रार्थी हिन्दू है तथा उपजाती कायस्थ है तथा भगवान चित्रगुप्त जी महाराज में प्रार्थी की गहरी आस्था व विश्वास है । दिनांक 09/09 /22 को देखा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर थैंक गॉड नाम के पिक्चर का प्रोमो जारी हुआ है जिस के डायरेक्टर इंदिरा कुमार है और प्रोड्यूसर आनंद पंडित भूषण कुमार, अशोक ठकेरिया ,कृष्ण कुमार ,सुनील खेत्रपाल तथा अन्य लोग हैं। एवं इस फिल्म के मुख्य अभिनेता अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा तथा अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह है। यह फिल्म टी –सीरीज कंपनी द्वारा बनाई और मार्केटिंग की जा रही है ,महोदय इस पिक्चर में सनातन धर्म के भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का घोर अपमान व चित्रण कर प्रस्तुत किया गया है। हिंदू मान्यता के अनुसार संपूर्ण चराचर सृष्टि के रचयिता परम पिता ब्रह्मा जी के मानस पुत्र बुद्धि विवेक और ज्ञान के प्रदाता तथा हिंदू समाज के परम पूज्य व कायस्थ समाज के परम आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का अपमान किया गया है। रिलीज हुई ज–ेमतपमे कंपनी द्वारा जारी की गई प्रोमो तथा इस फिल्म के अभिनेता अजय देवगन द्वारा अपने ट्विटर अकाउंट से जारी किए गए थैंक गॉड के फिल्म के ट्रेलर में जिस प्रकार से हिंदू समाज के परम आराध्य परम पिता ब्रह्मा के मानस पुत्र भगवान चित्रगुप्त को अपमानित किया गया है तथा उनका अश्लील चित्रण किया गया है उससे प्रार्थी तथा प्रार्थी के साथ बैठे कई अन्य लोगों की भावनाएं आहत हुई तथा हम सब की आस्था पर गंभीर चोट पहुंची है। महोदय थैंक गॉड फिल्म के डायरेक्टर इंदिरा कुमार प्रोडक्शन कंपनी टी सीरीज तथा फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद पंडित, भूषण कुमार ,अशोक ठकेरिया ,कृष्ण कुमार, सुनील खेत्रपाल के साथ–साथ इस फिल्म के अभिनेता अजय देवगन ,सिद्धार्थ मल्होत्रा व अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के द्वारा जानबूझकर, एक राय व एकमत होकर हम हिंदुओं के परम आराध्य भगवान चित्रगुप्त महाराज जी का अपमान






करने के उद्देश्य से तथा हम हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाकर धार्मिक भावना भड़काने के उद्देश्य से अत्यंत आपत्तिजनक चित्रण किया गया है तथा अपमान कारक अभिनय व प्रस्तुतीकरण की गई है। महोदय, इस फिल्म के प्रोमो / ट्रेलर को देखकर हमारे साथ बैठे कई लोगों के साथ –साथ करोड़ों हिंदुओं की भी भावनाएं आहत हुई है इससे हम सभी अत्यंत दुखी व आक्रोशित हैं ।हम हिंदुओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचा कर फिल्म निर्माण से जुड़े हुए सभी लोगों के द्वारा गंभीर प्रकृति का अपराध एक षड्यंत्र के तहत किया गया है, जिससे कि हम हिंदुओं को आहत किया जा सके । महोदय ,फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों के इस कार्य से समाज में शांति व्यवस्था बिगड़ने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है तथा धार्मिक भावना भड़का कर जातिगत व धार्मिक विद्वेष पैदा कर देश की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने के उद्देश्य से बनाई गई इस फिल्म से जुड़े उपरोक्त लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों के प्रकाश में भारतीय दण्ड विधान की धारा 120बी,153क,294,295क त,298 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए तथा इस फिल्म के पूरी तरह से रिलीज होने पर देशभर में उग्र प्रदर्शन हो सकते हैं अतः आपसे प्रार्थना है कि फिल्म से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ तत्काल उपरोक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक व कठोर कार्यवाही करने की कृपा करें । जिससे सनातन धर्म व समस्त हिंदू जनमानस के धार्मिक भावनाओं के अपमान को रोका जा सके। तथा हिन्दू समाज के साथ न्याय हो। कोतवाली परिषर में प्रमुख रुप से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महामंत्री सुरेश अस्थाना , प्रदेश सचिव आलोक वर्मा , प्रदेश प्रवक्ता विश्व दीपक श्रीवास्तव पत्रकार , मनीष श्रीवास्तव , जिला उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव , उद्देश्य श्रीवास्तव यशु, युवा अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## जनपद में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक मनाया जायेगा सेवा पखवाड़ा

जौनपुर सू.वि. : जनपद में सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक मनाया जायेगा जिसके संदर्भ में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिया। सेवा पखवाड़ा में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक प्रत्येक दिवस विभिन्न विभागों द्वारा जनपद स्तर/तहसील स्तर/विकास खण्ड स्तर/नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें, आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में समस्त माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ–साथ जन सहभगिता भी सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुये आदेशित किया है कि प्रत्येक दिवस हेतु नामित नोडल अधिकारी कार्यक्रम की विस्तृत कार्य योजना मा0 जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर तैयार कराकर मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष 15 सितम्बर तक प्रस्तुत करेंगे तथा सभी कार्यक्रमों मे समस्त माननीय जनप्रतिनिधियों व अधिक से अधिक जन सहभगिता कराकर कर सफल आयोजन सुनिश्चित करायेंगे। 17 सितम्बर 2022 को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा, 18 सितम्बर 2022 को जिला चिकित्सालय महिलाध्पुरुष, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं आयुष्मान कार्ड मेला का आयोजन किया जायेगा। 19 सितम्बर 2022 माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के जनकल्याणकारी कार्यों तथा प्रशासनिक कार्य कुशलता पर लिखी गयी पुस्तको का प्रचार प्रसार एवं प्रदर्शनी में पुस्तको का स्टॉल लगाया जायेगा। 20 सितम्बर 2022 को सार्वजनिक स्थल/नगर निकाय में नगर वार्ड/ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान का आयोजन जिला पंचायत राज विभाग द्वारा किया जायेगा। 21 सितम्बर 2022 को सभी पूर्ण एवं निर्माणाधीन अमृत सरोवरों पर स्वच्छता अभियान श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 22 सितम्बर 2022 को जल ही जीवन है के मन्त्र को लोगो तक पहुँचाना तथा ''कैच द रेन'' अभियान के बारे में वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम, 23 सितम्बर 2022 को जिला स्तर पर लोगो को वोकल फार लोकल कार्यक्रम में अन्तर्गत लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ओडीओपी प्रर्दशनी का आयोजन, 24 सितम्बर 2022 को कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन, 25 सितम्बर 2022 को पं0 दीनदयाल जयन्ती, मन की बात पुष्पाजलि एवं विचार प्रस्तुतिकरण, 26 सितम्बर 2022 को विविधता में एकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश समाज को देने के लिए जनपद में रहने वाले अन्य प्रान्त की सांस्कृतिक विरासत जैसे खान पान एवं भाषा को एक दिन के लिए अपनायेंगे तथा बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, 29 सितम्बर 2022 को कोविड टीकाकरण हेतु विशेष कैम्पो का आयोजन, 30 सितम्बर 2022 को टी0बी0 मुक्त राष्ट्र बनाने हेतु विशिष्ट कार्यक्रम का आयोजन, 01 अक्टूबर 2022 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन, 02 अक्टूबर 2022 को खादी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से खादी खरीद हेतु जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अरबिन्द यादव चुने गए अटेवा के नए संयोजक व महामंत्री बने नितिन कुमार यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मडियाहू तहसील क्षेत्र के श्रद्धा शंकर शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान शीतल गंज मड़ियाहूं के प्रांगण में अटेवा के जिला संयोजक चंदन सिंह एवं यादवेंद्र नाथ तथा पूर्व संयोजक प्रेम चन्द्र जी के नेतृत्व में ब्लॉक इकाई मड़ियाहूं का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी इंदुप्रकाश यादव जिला मीडिया प्रभारी व सुबाष सरोज जिला संगठन मंत्री ,चुनाव पर्यवेक्षक सत्येन्द्र राय प्रदेश उपाध्यक्ष अटेवा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।जिसमें सर्वसम्मति से मड़ियाहूं ब्लॉक इकाई का संयोजक अरबिन्द यादव को व महामंत्री नितिन यादव को चुना गया। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष यादवेंद्र नाथ ,उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कन्नौजिया, धर्मेंद्र यादव प्रवक्ता , गौरीशंकर, गणेश जायसवाल संयुक्त मंत्री ,प्रदीप कुमार रावत एवं शैलेष कुमार सँगठनमंत्री,अवधेश पाल एवं कमला प्रसाद मीडिया प्रभारी,अंशुल पाण्डेय एवं रवि कान्त श्रीवास्तव एवं आनन्द कुमार सोशल मीडिया प्रभारी एवं कवि हृदय शिक्षक विजय मेहंदी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी के पद पर चुने गए। जिला संयोजक चंदन सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर हम हमेशा आवाज बुलंद करते रहेंगे, पुरानी पेंशन बंद करके सरकार शिक्षकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रही है , इसी के साथ ब्लॉक संयोजक अरबिन्द यादव ने अग्निवीर भर्ती की तर्ज पर शिक्षकों की भर्ती




किए जाने के फैसले पर विरोध जताते हुए कहा कि यह सरकार की तानाशाही रवैया है , ब्लॉक इकाई गठन होने के पश्चात शिक्षकों ने पुरानी पेंशन के बहाली को लेकर नारा लगाया "हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है " इस अवसर पर अटेवा के संरक्षक प्रेम चन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत एवं माल्यार्पण किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में रत्ती लाल , अटेवा जलालपुर अध्यक्ष शान्त सिंह , ओबैदुर रहमान, अंकित जायसवाल, अनिल यादव, ,अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष टी एन यादव रामनगर अध्यक्ष डॉ रजी अहमद रामपुर अध्यक्ष सिकरारा अध्यक्ष डॉ कृपानिधि यादव जिला संगठन मंत्री संदीप यादव , आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश कुमार यादव ने तथा संचालन जिला सोशल मीडिया प्रभारी नन्द लाल पुष्पक ने किया ।अंत मे यादवेंद्र यादव ने सभी के प्रति आभार जताया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रदेश भर में 12 से 19 सितंबर तक चलाया जा रहा है समाधान दिवस

जौनपुर सू.वि. : मा0 राज्यमंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग उ0प्र0 डा0 सोमेन्द्र तोमर द्वारा विद्युत समाधान सप्ताह के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतो एवं निस्तारणो के बारे में जानकारी ली, फाईलो का रख–रखाव एवं साफ–सफाई रखने का निर्देश दिया। उपकेन्द्रो पर प्राप्त शिकायतो के निस्तारण के लिए फोन द्वारा मा0 मंत्री जी ने उपभोगताओं से वार्ता की एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मा0 मंत्री जी ने समस्त जनपदवासियों से अपील किया है कि विद्युत समाधान सप्ताह पर किसी भी प्रकार की समस्या हो जैसे लम्बित बिलो का भुगतान, नये कनेक्शन, मीटरो में शिकायत की स्थिति, मीटरो को बदलने, लोड बढ़ाने तथा अन्य समस्याओं को अपने नजदीकी फीटर/उपकेन्द्रो पर जाकर अपनी–अपनी समस्याओं को प्रातः 08 बजे से सायः 08 बजे तक उपस्थित होकर तत्काल निस्तारण करा सकते है। 80 से 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान उपकेंद्र पर ही किया जा रहा है। मा0 राज्यमंत्री जी निरीक्षण भवन लो0नि0वि0 में मीडिया बन्धुओ के साथ वार्ता की। वार्ता के उपरान्त मा0 राज्यमंत्री जी ने विद्युत विभाग से समस्त अधिकारियों के साथ जनपद में हो रही समस्या एवं निस्तारण की जानाकरी लेते हुए समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राप्त आवेदनो, मीटर बदलने एवं नये मीटर, नये कनेक्शन, जर्जर तारो, खराब ट्रान्स्फामरों एवं समय पर बदले जाने वाले ट्रान्स्फामरों, विद्युत उपभोगताओं के बकायेदारो एवं 1 लाख से अधिक बकायदारो, ट्यूबेल का नये कनेक्श्न एवं मीटर लगाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मा0 राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनो को त्वरित निस्तारण किया जाये और जर्जर तारो को अविलम्ब बदला जाये जिससे विद्युत से सम्बन्धित समस्या का निदान किया जा सके।

## जिलाधिकारी द्वारा देर सायं बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमो का किया गया समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में देर सायं बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विकासखंड सिरकोनी के प्राथमिक विद्यालय चकताली के सहायक अध्यापिका शिप्रा सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी जलालपुर रमाकांत सिंह एवं एआरपी राजू सिंह के द्वारा किये गये पर्यवेक्षणीय एवं शैक्षणिक गुणवत्ता सम्बर्धन में किये गये कार्यो की पी०पी०टी० के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने बताया कि निपुण लक्ष्य में जनपद का स्थान प्रदेश में टॉप 05 में है, जिस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए निर्देश दिया कि जनपद को प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास किया जाए। मा0 मुख्यमंत्री जी



के जनपद आगमन के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण पर मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई, जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालयों के कायाकल्प से लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारने को लेकर चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम व योजनाओं के प्रगति, जिला स्तरीय निपुण भारत, एमडीएम, टास्क फोर्स द्वारा विद्यालयों के भ्रमण की समीक्षा की गई। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया और कहा कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं की जाएगी। समर्थ पोर्टल के अनुसार दिव्यांग छात्रों को मुख्यधारा में लाने के लिए स्पेशल एजुकेटर द्वारा उनकी पहचान करना, चिन्हीकरण आदि की स्थित, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अंतर विश्लेषण के आधार पर अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तिकरण की स्थिति एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय में टीचर्स की गत माह की उपस्थिति की प्रतिशत की जानकारी ली। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी को यथाशीघ्र निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी निर्देश एवं प्रोत्साहन दिया। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सीआरओ रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, ए.आर.पी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम स्वयं हैं, खुद को समझ लीजिए, सब समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अपनें गंतव्य से दूर यात्री

दुनिया भर के शेयर सूचकांक रिजर्व बैंक और दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा अनुमानित मंदी को चुनौती दे रहे हैं। यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम हैं, लेकिन मुद्रास्फीति दुनिया भर में असहनीय है।

एक लोकप्रिय गीत है– कम सेप्टेंबर, जो हमें शरद ऋतु के आगमन की सूचना देता है। और अब जबकि सर्दियां शुरू होने को हैं, तो बहुत से घटनाक्रम एक साथ चल रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने इतिहास को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है। क्षेत्रीय दल फिर से अपनी प्रासंगिकता तलाशने के लिए गठजोड़ कर रहे हैं। शेयर बाजार विकास के पूर्वानुमानों एवं केंद्रीय बैंकों को चुनौती दे रहे हैं। विकसित दुनिया विरोधाभासी रूप से तीसरी दुनिया की नीतियां अपना रही है। जैसे–जैसे विभिन्न समय क्षेत्रों (टाइम जोन) में घटनाएं एवं यात्राएं सुर्खियां बनती हैं, राजनीति और अर्थशास्त्र का रंग प्रतिबिंबित होता है।

वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में लगातार हार और कई राज्यों में पराजित होने के बाद कांग्रेस इतिहास को पुनर्जीवित कर अपना भविष्य बनाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी को वर्ष 2013 में उत्तराधिकारी नियुक्त हुए लगभग एक दशक हो गए हैं और वह 'भारत एक खोज' के अपने संस्करण में नया अध्याय जोड़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यात्रा से मुझे अपने बारे में और इस खूबसूरत देश के बारे में कुछ समझ आएगी और इन दो–तीन महीनों में मैं समझदार हो जाऊंगा।'

कांग्रेस पार्टी केवल यह उम्मीद कर सकती है कि इस यात्रा से ऐसा विचार मिलेगा, जो कि उसके नेता और पार्टी को पुनर्जीवित करेगा। स्वतंत्र भारत का राजनीतिक अभिलेखागार राजनीतिक यात्राओं के उदाहरणों से भरा पड़ा है, मसलन, एनटी रामाराव ने वर्ष 1982 में रथ यात्रा का रास्ता दिखाया। वर्ष 1983 में इंदिरा गांधी को चुनौती देने के लिए चंद्रशेखर ने पदयात्रा की, 1990 में राजीव गांधी ने पुनः सत्ता पाने के लिए पूरे भारत की यात्रा की और लालकृष्ण आडवाणी सोमनाथ से अयोध्या तक के लिए रथ पर सवार हुए।

इतिहास बताता है कि यात्राएं हमेशा यात्रियों को गंतव्य तक नहीं ले जाती हैं। हालांकि यात्रा नेता और पार्टी या पार्टी और लोगों को जोड़ती है, इसमें कोई विवाद नहीं है कि राहुल गांधी ने थोड़ी देर के लिए ही सही, ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि राजनीतिक बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए यह ध्यानाकर्षण पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस को सुविधाजनक महत्वाकांक्षा से राजनीतिक उद्देश्य की तरफ बढ़ना चाहिए। व्यापक लोगों को जोड़ने के लिए इसे एक विचार और संगठन की जरूरत है।

क्या राहुल गांधी के पास जनता को जोड़ने का कोई मंत्र है? उदाहरण के लिए, जो पार्टी 1991 के उदारीकरण के दौर में सत्ता में थी, उसे दाएं–बाएं रास्ता तलाशने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जैसी कि शरद पवार ने चुटकी ली, 'कांग्रेस ढहती हवेली में रहने वाले गरीब जमींदार की तरह है।' पार्टी में विचार और क्षमता का अभाव है। सिर्फ राहुल गांधी ही अपनी पार्टी की राजनीतिक प्रासंगिकता को पुनर्जीवित करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जिन्हें यू–टर्न लेने में महारत हासिल है और जो 2014 में प्रतिस्पर्धी थे, खुद को 2024 में 'संभावित' राष्ट्रीय विकल्प के रूप में पेश कर रहे हैं।

दिल्ली यात्रा में उन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, राकांपा नेता शरद पवार और सपा नेता अखिलेश यादव समेत कई अन्य नेताओं से बातचीत करते हुए देखा गया। वर्ष 2024 में 'मोदी बनाम कौन' का जवाब अभी अस्पष्ट है। लेकिन छापे और आरोपों से घिरी पार्टियां एक साझा मोर्चे के विचार के इर्द–गिर्द एकजुट होती दिख रही हैं। कोलकाता में ममता बनर्जी ने 'खेला होबे' का आह्वान किया और झामुमो प्रमुख व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं नीतीश कुमार के साथ एक मोर्चा बनाने की घोषणा की।

यह तर्क दिया जाता है कि नीतीश कुमार को 'हिंदी' पट्टी से होने का फायदा है, लेकिन मूल बात यह है कि किसी भी 'तीसरे मोर्चे' को 150 से अधिक सीटों की आवश्यकता है, जो अभी नहीं जुड़ पा रहा है। संभवतः गठबंधन की राजनीति में उभार दुनिया भर में मुद्रास्फीति के कारण निराशाजनक आर्थिक पूर्वानुमानों से आया है। और क्षेत्रीय दल ग्रामीण लोगों, शहरी गरीबों एवं छोटे व्यवसायों की कमजोरी के बीच शायद आर्थिक संकट में चुनावी अवसर की गंध महसूस करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के विकास पूर्वानुमान बताते हैं कि दुनिया मंदी के कगार पर है। मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और मुद्राओं को बचाने के लिए केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी से विकास को नुकसान होगा। भारत निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में है, लेकिन यह पैसे की बढ़ती लागत और घटते विकास के प्रभाव से अलग नहीं है। मजे की बात यह है कि लगता है, शेयर बाजार एक अलग दुनिया है। विकास घटने के बावजूद दुनिया भर में शेयर बाजार में तेजी है।

दुनिया भर के शेयर सूचकांक रिजर्व बैंक और दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा अनुमानित मंदी को चुनौती दे रहे हैं। यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम हैं, लेकिन मुद्रास्फीति दुनिया भर में असहनीय है। भारत में अगस्त में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति जुलाई की तुलना में अधिक थी–जो रिजर्व बैंक और सरकार द्वारा निर्धारित सीमा से काफी ज्यादा थी। यह ऐसा है, जैसे शेयर बाजार केंद्रीय बैंकों से कह रहा है कि वह बेहतर जानता है कि बाजारों में अस्थिरता उम्मीद और वास्तविकता के बीच संघर्ष का प्रतीक है।

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। भारत में मुफ्त रेवड़ी निरंतर राजनीतिक बहस का विषय है। विडंबना देखिए कि जो देश कभी सब्सिडी पर भारत को पाठ पढ़ाते थे, वे भी रेवड़ी बांट रहे हैं। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन से एक दिन पहले ब्रिटिश सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए अब तक का सबसे बड़ा (150 अरब डॉलर) ऊर्जा सब्सिडी पैकेज पारित किया। जर्मनी और कई यूरोपीय देशों की सरकारों ने भी बिजली और गैस के बिलों को मौजूदा स्तरों पर सीमित कर दिया है।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले सार्वभौमिक बुनियादी आय के विचार को दुनिया भर की सरकारों द्वारा चुनौती दी गई थी। महामारी के बाद आय सहायता योजनाओं का तंत्र सर्वत्र है। सीधो नकद हस्तांतरण पर उभरती आम सहमति सरकार की भूमिका और कल्याण की परिभाषा पर बहस को जन्म देती है। जाहिर है, पुरानी कहावत के अनुसार, दुनिया उथल–पुथल की ओर बढ़ रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मातृभाषा का उन्नयन एवम् विकास राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है –शर्मिला सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पायनियर मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज की समस्त शाखाओं में हिन्दी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एल्डिको शाखा में कार्यक्रम प्रबन्धक डॉ० बृजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में हुआ। प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह उपस्थित समस्त शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रारम्भ पारम्परिक दीप प्रज्जवलन से हुआ। माँ शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा संस्थापक स्वर्गीय पूरन सिंह जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का प्रारम्भ कक्षा एकादश की छात्रा शांभवी शुक्ला के हिन्दी के महत्व पर प्रस्तुत भाषण से हुआ। कक्षा 7 के निलेश गुप्ता, कक्षा नवम् की डॉली यादव तथा विनायक रस्तोगी एंव शुभ रतन सैनी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कक्षा षष्ठ, सप्तम् एंव अष्टम् के विद्यार्थियों ने हिन्दी क्या है'' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कक्षा द्वादश के छात्र–छात्राओं द्वारा भी एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कक्षा नवम् के सुरेन्द्र रावत ने छंदों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कक्षा–8 के स्कन्द प्रताप सिंह ने भी दोहों का प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया। कक्षा द्वादश के हर्षवर्द्धन सिंह हिन्दी के सौन्दर्य एंव महत्व पर आधारित एक मधुर गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 10 की छात्राओं ने अन्ताक्षरी में भाग लेकर हिन्दी के ज्ञान एंव हिन्दी के प्रति सम्मान का परिचय दिया। कक्षा एकादश के छात्र–छात्राओं ने कवि सम्मेलन प्रस्तुत किया। विभिन्न कवियों एंव कवयित्रियों के रूप



में सुसज्जित इन विद्यार्थियों ने हिन्दी के समृद्ध एव गौरवपूर्ण साहित्य से साक्षात्कार कराया। कक्षा नवम् की छात्रा डॉली यादव ने भी मनमोहक काव्य पाठ किया। विद्यालय के प्रबन्धक डॉ० बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि हिन्दी हमारे स्वाभिमान, पहचान तथा राष्ट्रीय एकता एंव गौरव का प्रतीक है। यदि हमें अपनी सभ्यता एंव संस्कृति को सुरक्षित रखना है तो हमें हिन्दी क सम्मान करना होगा। कार्यक्रम के अन्त में शाखा की प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह ने हिन्दी भाषा व महत्व, समृद्ध साहित्य एंव इसमें पायी जाने वाली आत्मीयता के गुणों पर डाला। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय भाषाअ के सीखने के महत्व को बताते हुए अपनी मातृभाषा को सर्वाधिक महत्व देने की प्रेरणा दी क्योंकि मातृभाषा का उन्नयन एंव विकास राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## इंडियन स्वच्छता लीग में यूपी समेत देश के विभिन्न राज्यों के 1850 से अधिक शहर होंगे सम्मिलित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों के 1850 से अधिक शहरों के बीच इंडियन स्वच्छता लीग की शुरुआत की जा रही है। गार्बेज फ्री सिटी के मूल मंत्र के साथ शुरू हो रही इस लीग के अंत में स्वच्छ शहरों के नाम घोषित किए जाएंगे। इस प्रतिस्पर्धा में जन आंदोलन के जरिए लोगों को जोड़कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसको लेकर यूपी के शहरों ने तैयारी शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश के 377 नगर निकाय इसमें शामिल होने जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन दृ शहरी के 8 वर्ष हो जाने पर आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी की तरफ से बीते दिनों 'स्वच्छ अमृत महोत्सव' के आरंभ होने की आधिकारिक घोषणा की गई थी। यह महोत्सव 15 दिन चलेगा, जिसके अंतर्गत अनेक गतिविधियां सेवा दिवस 17 सितम्बर से शुरू हो जाएंगी। तदुपरान्त, 2 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस पूरा हो जायेगा। इन 15 दिनों में नागरिकों को जोड़ा जायेगा तथा 'कचरा मुक्त शहर' बनाने की परिकल्पना के प्रति संकल्प को आगे बढ़ाया जायेगा। यह एक अतंर–नगरीय प्रतिस्पर्धा है, जिनमें विभिन्न शहरों के युवा 17




सितंबर, 2022 को हिस्सा लेंगे। इस पहली प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिये देशभर के 1,850 शहरी दलों ने आधिकारिक रूप से पंजीकरण करवाया है। लीग में हिस्सा लेने वाली हर टीम कचरा मुक्त समुद्र तट, पहाड़ और पर्यटन स्थल के मद्देनजर प्रतिस्पर्धा करने के लिये अपनी खुद की अभिनव स्वच्छता पहल करेगी। स्वच्छता टीम बनाई गई इस लीग में मुख्य फोकस जन मानस जागरूकता और उनकी भागीदारी पर है। नगर निकायों के द्वारा सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर पर जन मानस को इस लीग से जोडना होगा। जिससे पूरे शहर को स्वच्छ बनाया जा सके। इस लीग में स्वच्छता संबंधी टीमें भी बनाई गई हैं। हर शहर की तरफ से अपनी टीम के कैप्टन का नाम भी जारी किया जा रहा है।

## थानेदारी पर आई आंच तो सुधरने लगी पुलिस की कार्यप्रणाली : गोरखपुर से आगे हैं ये जिले

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पब्लिक रेटिंग से थानेदारी पर आंच आई तो पुलिस की कार्यप्रणाली सुधर गई।अफसरों की माथा पच्ची के बीच ही थानेदारों की जवाबदेही का असर है कि छह महीने में औसतन 55 प्रतिशत से अधिक लोगों को संतुष्ट करने में गोरखपुर पुलिस सफल रही। हालांकि, गोरखपुर से आगे महराजगंज, कुशीनगर और देवरिया पुलिस है। यहां पर यह प्रतिशत 60 से ऊपर पहुंच चुका है। दूसरी ओर गोरखपुर में आईजीआरएस निपटारे में तो सुधार हुआ, लेकिन एफआईआर दर्ज करने में पुलिस अब भी पीछे हैं। पब्लिक रेटिंग के शुरुआत के छह महीने पूरे होने के बाद मंगलवार को एडीजी अखिल कुमार ने इसकी समीक्षा की। जोन के सभी जिले में हुए सुधार पर संतोष जाहिर किया तो एफआईआर दर्ज करने में हीलाहवाली पर नाराजगी जाहिर कर इसे सुधारने का आदेश जारी कर दिया। दरअसल, आम लोगों के प्रति पुलिस को जवाबदेह बनाने के लिए एडीजी ने मार्च में पब्लिक रेटिंग सिस्टम लागू किया था। सोशल मीडिया, पुलिस के ऑफिसियल वेबसाइट और डायरेक्ट पोल के माध्यम से लोगों से फीडबैक लिए गए। इसमें ज्यादा सुधार न होने पर एडीजी ने बीते दिनों नया आदेश जारी कर कहा कि यदि तीन बाद लगातार कम अंक रहे तो संबंधित थानेदार को हटा दिया जाएगा। इसके बाद ग्राफ में तेजी से उछाल देखने को मिला है। एफआईआर दर्ज होने से महज 11 प्रतिशत लोग संतुष्ट गोरखपुर जिले में एफआईआर दर्ज करने से महज 11 प्रतिशत लोग ही संतुष्ट हैं। इसका असर रोजाना ही पुलिस दफ्तरों में भी देखने को मिलता है। अगस्त के सर्वे में केवल 11.4 प्रतिशत लोगों ने एफआईआर को लेकर संतोष जाहिर किया है। जबकि, मार्च में जब सर्वे स्टार्ट हुआ था तब 30.22 प्रतिशत लोगों ने संतोष जाहिर किया था। धीरे–धीरे हर महीने इसका ग्राफ गिरता गया। एफआईआर का गिरता गया ग्राफ महीना फीडबैक प्रतिशत में मार्च 30.22 अप्रैल 27.2 मई 23.0 जून 16.6 जुलाई 23.5 अगस्त 11.4 आईजीआरएस का बढ़ा ग्राफ महीना फीडबैक प्रतिशत मार्च 25.47 अप्रैल 28.5 मई 26.4 जून 19.5 जुलाई 57.4 अगस्त 35.1 यहां सुधरा परफार्मेंस ट्विटर पर गोरखपुर पुलिस को पब्लिक का अच्छा सपोर्ट मिला है। पुलिस को मार्च में ट्विटर पर केवल 35 प्रतिशत जनता का समर्थन मिला, जबकि अगस्त में गोरखपुर पुलिस को 53 प्रतिशत लोगों ने वोट कर अति उत्तम बताया। इसी तरह डायरेक्ट पोल में भी मार्च में पुलिस को 49.00 प्रतिशत वोट मिले। जबकि, अगस्त में इसका ग्राफ तेजी से बढ़ते हुए 71.7 प्रतिशत पहुंच गया। यहां भी पब्लिक पुलिस से संतुष्ट नजर आई। रेटिंग में भी हुआ सुधार छह माह तक चले इस सर्वे में गोरखपुर पुलिस के पब्लिक अप्रुवल रेटिंग में भी सुधार देखने को मिल रहा है। मार्च में पुलिस की रेटिंग 43.05 थी। जो अगस्त में बढ़कर 55.55 प्रतिशत पहुंच गई। इसी तरह पीआरवी के परफार्मेंस से पब्लिक संतुष्ट नजर आई। मार्च में 75.58 प्रतिशत लोगों ने संतुष्टि जाहिर की। वहीं अगस्त में 73.2 प्रतिशत लोगों ने पीआरवी के परफार्मेंस को अच्छा बताया। पब्लिक अप्रुवल रेटिंग में गोरखपुर पीछे गोरखपुर मंडल के चार जिलों के पब्लिक अप्रुवल रेटिंग की बात की जाए तो अगस्त में गोरखपुर की 55.55, देवरिया 66.13, कुशीनगर 65.37 और महाराजगंज 62.38 प्रतिशत है। चार जिलों में गोरखपुर की रेटिंग सबसे पीछे है। ऐसे कर सकते हैं वोट पुलिस के फेसबुक और ट्विटर पेज पर लिंक दिया जाता है। जिस पर सीधे जिले या फिर थाने से संबंधित वोट कर सकते हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप ग्रुप पर भी लिंक को वायरल किया जाता है। गोरखपुर जोन एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए पब्लिक अप्रुवल सिस्टम की शुरुआत की गई। इसके माध्यम से जनता पुलिस को वोट कर रही है। पिछले छह महीने में तुलनात्मक रूप में पुलिस की छवि सुधरी है, लेकिन एफआईआर दर्ज करने में गोरखपुर सहित कुछ जिले में लोग संतुष्ट नहीं है। इसे सुधार करने का आदेश दिया गया है। कोशिश यही है कि ऐसी व्यवस्था हो कि पीड़ित को थाने से न्याय मिले और उसे अफसरों के दफ्तरों का चक्कर न काटना पड़े।

## मातृ भाषा जनभाषा को शिक्षा परीक्षा का माध्यम बनाएं –श्याम पाठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ''श्री सरस्वती सदन'' के चार दिवसीय हिन्दी दिवस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुई नोएडा से पधारे भाषा सत्याग्रही श्याम पाठक अंग्रेजी भाषा को शोषण का सबसे बड़ा आधार मानते हुये कहा कि जब तक हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को सम्मान नहीं मिलेगा और अपनी मातृभाषा और जनभाषा को शिक्षा परीक्षा को माध्यम नहीं बनाया जायेगा तब तक देश की प्रतिमाओं को पूर्ण क्षमता के साथ विकसित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अंग्रेज शासक दासता के सौ वर्षों मे देश पर अंग्रेजी थोप गये। परन्तु आजादी के अमृत पर्व के वर्षों में भी हम हिन्दी और भारतीय भाषाओं को समुचित सम्मान नहीं दिला सकें। अपने महत्वपूर्ण व्याख्यान के अतिरिक्त उन्होंने सदन द्वारा पिछले चार दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किये। अपने संबोधन में श्री पाठक ने कहा कि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिये यह अफसोस की बात है कि अपनी भाषा के बजाये शीर्ष संस्थानों में दासता की भाषा अननायी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में अंग्रेजी भाषा में पले और बढ़े लोग एक प्रतिशत से भी कम है जो कि अंग्रेजी के पक्षधर है और हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के विकास में बाधक है इसलिये हम सबको इस बात के लिये संकल्प लेना होगा कि शासक वर्ग यह समझे कि जनभाषा की उपेक्षा जनता अधिक दिनों तक सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि हिन्दी और भारतीय भाषाओं को समुचित सम्मान न मिला तो देश की प्रतिभाएं पंगु बनी रहेगीं व्याख्यान के बाद प्रश्न प्रहर में सी०एस०एन० के पूर्व प्राचार्य डा० बी० डी० शुक्ल, डॉ० एन० सी० शुक्ल एवं डॉ० आलोक टंडन ने प्रश्न किया हिन्दी के विकास में शासन प्रशासन अथवा जनता किसे दोषी माना जाये। इस पर भी पाठक ने कहा कि जब शासन शिक्षा से लेकर नौकरियों तक में अंग्रेजी को प्राथमिकता देगी और लागू रखेगी तो जनता विवश होकर अंग्रेजी की ओर जायेगी। उन्होंने अंग्रेजी के प्रभुत्व को बनाये रखने के लिये शासक वर्ग एवं शासन प्रशासन को दोषी ठहराया और कहा कि जब विकास के अवसर हिन्दी माध्यम से उपलब्ध होगे तो हिन्दी स्वयं आगे बढ़ेगी। उन्होंने विश्व के अनेक देशों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुये कहा कि जो देश अपनी मातृभाषा में काम कर रहे है। उनकी प्रति व्यक्ति आय हमसे कहीं अधिक है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में केप्रभुत्व को लेकर चिंता जाहिर की और इस बात पर







बल दिया कि अपनी मातृभाषा में अदालती कार्यवाही होनी चाहिए। तभी जनता को न्याय मिल सकेगा। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और शरण मिश्र की बाणी बन्दना से हुआ इसके पश्चात अपने स्वागत भाषण में सदन मे बाजपेयी ने भाषा सत्याग्रही श्याम रुद्र पाठक के हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के प्रचार–प्रसार के लिये किये गये संघर्षों से श्रोताओं को परिचित कराते हुये बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने कैरियर को दाव पर लगा कर आई०आई०टी० खदिल्ली को अपना प्रोजेक्ट को हिन्दी में प्रस्तुत करने और दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री से मिलने वाली मानद उपाधि को हिन्दी में छापने के लिये मजबूर कर दिया उन्होंने हिन्दी के लिये उनके संघर्ष को प्रणाम करते हुये कहा कि सदन परिवार उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित है सदन मंत्री मनीष मिश्र और अनिल श्रीवास्तव ने शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता भारत सरकार के पूर्व हिन्दी सलाहकार एस० एन० अग्निहोत्री ने की और कार्यवाही का संचालन महेश मिश्र ने किया पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्र तथा सरिता अग्रवाल ने विजेता बच्चों को वितरित किये जाने वाले पुरस्कारों में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर विश्व में शांति का संदेश देने वाले प्रेम रावत जी की पुस्तक तीर का लक्ष्य पूर्ण कुमार गुप्ता तथा मनोज गुप्ता ने मुख्य अतिथि तथा तथा सदन अध्यक्ष को भेंट की।

## लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज सूर्य नगर शाखा में हिन्दी पखवाड़ा सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दी पखवाड़ा का समापन आज 14 सितंबर हिन्दी दिवस के संदर्भ में लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज सूर्य नगर शाखा में हिंदी पखवाड़ा का समापन संपन्न हुआ ।इस पखवाड़े में प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक के सभी छात्र छात्राओं ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सोत्साह भाग लेकर हिंदी भाषा के प्रति अपने रुझान को प्रकट किया। आज हिंदी काव्य प्रतियोगिता में सस्वर काव्य पाठ के साथ हिंदी पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ ।आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगियो के उत्साहवर्धन हेतु प्रधानाचार्या वेनिका शर्मा ने बच्चों को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया। इस समस्त कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर मोहिता सक्सेना की देखरेख में रुचि त्रिवेदी,



स्वाति श्रीवास्तव एवं दीप्ति श्रीवास्तव आदि शिक्षिकाओं का अमूल्य योगदान रहा।

### आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) पाली थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में आने वाले त्यौहारों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें आने वाले त्यौहार दुर्गा पूजा, चेहल्लुम, नवरात्रि, दशहरा पर्व को लेकर सभी वर्गों के लोगों के साथ पुलिस प्रशासन ने बैठक की। इस बैठक में पाली नगर समेत क्षेत्र के सभी वर्गों के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया और त्यौहार में होने वाली समस्याओं के बारे में भी पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ हेमंत उपाध्याय ने बैठक में उपस्थित समाज सेवी एवं गणमान्य व संभ्रांत लोगों से कहा कि आने वाले सभी त्यौहार को गंगा जमुनी तहजीब एवं आपसी भाईचारे के साथ एकता एवं उत्साह व शांति के साथ मनायें और उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों पर नगर व क्षेत्र में शांति बनाये रखने हेतु नगर व क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति के बारे में जानकारी रखें और संदिग्ध व्यक्ति प्रतीत होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें साथ ही एक अच्छे नागरिक की भूमिका निभाएं ।अफवाह फैलाने व शांति भंग का प्रयास करने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। पाली थानाध्यक्ष सुनील दत्त कौल ने कहा कि किसी तरह



की अफवाह फैलाने एवं शांति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों को बिल्कुल बख्शा नहीं जायेगा और उन पर कड़ी कार्यवाही के साथ आगामी त्योहार पर हर जगह पुलिस नजर रखेगी। बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार पीयूष भार्गव ने कहा कि आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। इस अवसर पर अहमद अली, रजनीश गुप्ता,सरोज मिश्रा, कपिल अवस्थी, मनोज गुप्ता,रामू अग्निहोत्री, अमर पाल कश्यप,मुकेश गुप्ता,आदि बड़ी संख्या में संभ्रांत जन मौजूद रहे।

## हिन्दी भाषा हम सभी के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी एक बच्चे के लिए मां का दूध –प्रो शम्भू राम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधा सिंह ने कहाकि जब फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और जापान जैसे देश अपनी मातृभाषा के माध्यम से अपने राष्ट्र को विकसित कर सकते है, तो हम भी अपनी मातृभाषा के द्वारा अपने राष्ट्र का विकास क्यू नहीं कर सकते। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शम्भू राम ने बताया कि हिन्दी भाषा हम सभी के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी एक बच्चे के लिए मां का दूध। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अखिलेश्वर शुक्ला ने कहा कि ''कोई भी विकसित देश अपनी भाषा को अपना कर ही विकास किया है । हम सभी अपनी पहचान, संस्कृति, संस्कार,भाषा से दूर रह कर विकास नहीं कर सकते है। हिंदी भाषा की शक्ति और सामर्थ्य इतनी अधिक है कि हिंदी भाषा की भारत ही नहीं अपितु समूचे विश्व पर अपना प्रभाव रखती है। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 मनोज वत्स ने कहाकि हिन्दी भारत की राजभाषा है इसे राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हमसब को संकल्पित होने की आवश्यकता है।



डॉ0 मधु पाठक ने बताया कि हिन्दी भाषा समग्र राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा है। हमारी भाषा ही हमारी पहचान है। आइये समद्ध एवं सशक्त हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने का संकल्प लें। डॉ0 रागिनी राय ने कहाकि हिन्दी भारत की आत्मा में बसी हुई है, जो हर प्रदेश में जानी एवं पहचानी जाती है। डॉ0 रमेशचन्द्र सोनी ने भी हिन्दी भाषा पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मधु पाठक ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रागिनी राय ने किया। इस अवसर पर डा0 गंगाधर शुक्ला, डॉ0 अविनाश कौल, डॉ0 संतोष पाण्डेय, डॉ0 चन्द्राम्बुज कश्यप, डॉ0 रामानन्द अग्रहरि, डॉ0 यदुबंश कुमार, डॉ0 विष्णु कान्त तिवारी सहित समस्त प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## शासन द्वारा जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण हेतु जारी किए गए दिशा निर्देश को जिला प्रशासन द्वारा किया गया नजर अंदाज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर/लखनऊ – उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी मंडलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को जनपदों में सरकारी भवनों विद्यालय अथवा अस्पताल के जर्जर भवन को देखते हुए उनका संचालन अन्यत्र जगह कराते हुए उक्त जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का दिया गया निर्देश। वही शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों अनुसार ऐसे तमाम भवनों को भी चिन्हित करते हुए शासन के निर्देशानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश। लोगों द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार नगर क्षेत्र स्थित भण्डारी स्टेशन से लेकर नगर के मुख्य मार्गो पर ऐसे तमाम भवन स्थित है जो बहुत पूराने व बेहद जर्जर अवस्था में है वही उनमें से कुछ जर्जर भवनों को चिन्हित करने के बावजूद नहीं कराया गया ध्वस्तीकरण, जो बड़ी अनहोनी को दे रहे हैं न्योता, बता दें कि जनपद के नगरपालिका अंतर्गत क्षेत्र रूहट्टा स्थित भैरव कुटी भवन जो सन् 1942 ई0 में निर्माण हुआ है देर रात झमाझम तेज बरसात के कारण जर्जर भवन का एक हिस्सा भरभराकर सड़क पर आ गिरा। कल भारी बरसात व बिजली चमकने से उक्त जर्जर भवन का एक हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा गिरा। गलीमत यह रहा कि जब जर्जर भवन का एक हिस्सा देर रात्रि उस वक्त गिरा जब झमाझम बरसात हो रही थी जिसके कारण उक्त भवन के आसपास कोई नहीं था नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। बताते चले की रुहट्टा स्थित नगरपालिका बालिका इन्टर कालेज निकट भैरव कुटी नामक 1942 ई0 का जर्जर भवन है जो कोरोना काल मे के दौरान



उक्त जर्जर भवन का कुछ हिस्सा गिरा था जिसके बाद उक्त जगह बैरीकेडिंग कराई गयी थी। और बाद मे नगरपालिका द्वारा हटवायी गयी। जो एक बार पुनः देर रात्रि हुई झमाझम बरसात के साथ पुनः जर्जर भवन का एक हिस्सा गिर गया जिसके कारण ग्यारह हजार विद्युत तार को तोड़ते हुए विद्युत सप्लाई को बाधित किया। उक्त जर्जर भवन के गिरने से अच्छी बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नही हुई। उक्त जर्जर भवन के एक हिस्से के गिरने की जानकारी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा को मिलते ही मौके पर पहुंचते ही मलबें को तत्काल हटवाने के लिए जेसीबी व नगरपालिका कर्मियों को लगाया गया। वही सवाल यह उठता है कि जहाँ एक तरफ जर्जर भवनों को चिन्हित करते हुए उसे गिराये जाने हेतु प्रदेश सरकार से लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया था जिसके लिए नगरपालिका अधिकारियों द्वारा ऐसे जर्जर भवनों को चिन्हित भी किया गया था किन्तु आखिर आज तक क्यों नहीं ऐसे जर्जर भवनों को गिराया जा रहा हैं क्या जिला प्रशासन किसी अनहोनी होने के प्रतिक्षा में बैठा हैं कि जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाएगी तब आनन फानन में ऐसे जर्जर भवनों को गिराया जाएगा। आखिर ऐसे जर्जर भवनों को गिराने की कब होगी कार्यवाही जो अपने में हैं बड़ा सवाल?

## पुरानी पेंशन के धरने को लेकर शिक्षक हुए लामबंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में आगामी बीस सितंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले विशाल एकदिवसीय धरने को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में सभी जनपदीय व तहसील प्रभारी एंव ब्लाक पदाधिकारियों ने शिक्षकों से जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने धरने से सम्बंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक क्रमशः कंपोजिट विद्यालय बीवनमऊ, जलालपुर व बीआरसी सिरकोनी पर किया। बैठक में दोनों ही ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन की लड़ाई किसी एक की नहीं बल्कि पूरे शिक्षक/कर्मचारी समाज के मान सम्मान स्वाभिमान की लड़ाई है। इस लड़ाई को हमें स्वंय लड़नी है और जीतनी भी है। इसलिए आप सभी शिक्षक/शिक्षिका भारी से भारी संख्या में बीस सितंबर को कलेक्ट्रेट में पहुंच कर जोरदार उपस्थिति के साथ सरकार तक यह बात पहुंचाएं कि हम शिक्षक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के अलावा कोई भी विकल्प स्वीकार नहीं है और पुरानी पेंशन को लेकर रहेंगे। इस अवसर पर जलालपुर व सिरकोनी दोनों ब्लाक के पदाधिकारियों व शिक्षक, शिक्षिकाओं ने संगठन के आंदोलन के साथ प्रतिबद्धता प्रकट हुए 20 सितंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के साथ आंदोलन में उपस्थित रहने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, डॉ शैलेश, संतोष सिंह, बघेल जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, ब्लाक अध्यक्ष जलालपुर डॉ गिरीश सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सिरकोनी डॉ दिनेश प्रताप सिंह, प्रवीण कुमार सिंह वीरू, अमर बहादुर यादव, नवीन सिंह, सिद्धार्थ सिंह, हृदय प्रसाद सिंह, संजय कुमार सिंह, राजकुमार यादव,शशिकला सिंह, सरिता महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, स्वेता सिंह नीलम सिंह, मंजू रानी सिंह, ऋचा चित्रांसी, गरिमा सिंह, प्रेमलता सिंह, पूजा आनंद, दरोगा सिंह, पंकज यादव, सुनील कुमार सिंह, अवनीश सिंह सुरेश सोनकर, आनंद मिश्रा, राय साहब शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, शिव प्रकाश सिंह, शशि प्रकाश, अक्षय, अरविंद गिरी, अनंत सिंह, प्रेमनाथ सहित भारी संख्या शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## अवधपुरी कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढा दे रहा है दुर्घटना को दावत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम में अपने जमाने की प्रतिष्ठित अवधपुरी कालोनी में भी आवागमन के लिए कायदे की रास्ता नहीं है। एक जमाने में अवधपुरी कॉलोनी को फैजाबाद शहर का कलेजा कहा जाता था। लेकिन आज यह कॉलोनी अपने बदहाली पर आंसू बहा रही है। बताया गया कि अवधपुरी कॉलोनी के फेज प्रथम अमानीगंज चन्द्रगुप्त शाषा पार्क स्वर्गीय आरडी यादव पार्क के उत्तर पूर्व मुख्य मार्ग पर सड़क खतरनाक तरीके से धंसी है और रोड पर पानी भरा हुआ। यह खतरनाक गड्ढा करीब 15 दिनों से किसी गंभीर दुर्घटना को दावत दे रहा है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि नगर निगम कर्मी इतने लापरवाह हैं कि उन्हें कॉलोनी की मुख्य सड़क पर यह जानलेवा गड्ढा नहीं दिखाई दे रहा है। लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जब चुनाव का समय रहता है तो घर–घर समस्याएं पूंछने आते हैं। लेकिन जब कॉलोनी के मुख्य सड़क पर जानलेवा गड्ढा बना हुआ है तो अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझ रहा है। लोगों ने नगर निगम अध्यक्ष के प्रति भी नाराजगी जाहिर करते हुए शासन प्रशासन से अभिलंब इस मुख्य मार्ग के जानलेवा गड्ढे को दुरुस्त कराने की मांग की है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर निकाय जौनपुर के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नगर निकाय जौनपुर के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी कार्य किये जा रहे है गुणवत्तापूर्ण हो। सभी ईओ ठेकेदारों पर सख्ती करें। ऐसे ठेकेदार जो कार्य नही कर रहे है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ईओ अपने अपने निकायों में प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कार्यो में ढिलाई करने पर ईओ के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नगर के विद्यालयों का कायाकल्प जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सीआरओ रजनीश रॉय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० लक्ष्मी सिंह सहित सभी अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने जांच अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : प्रधानों के लंबित जांच के सम्बंध में जिलाधिकारी ने जांच अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ अधिकारीगण जांच करें। जिलाधिकारी ने सभी को



निर्देशित करते हुए कहा कि 15 दिन में जांच प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ ही कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों के लंबित जांचों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और कडे निर्देश देते हुए कहा कि अभिलेख न देने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराए। जांच में पूरी पारदर्शिता बनी रहे इसका ध्यान रखा जाये जॉचकर्ता अधिकारी अगर हिला हवाली करता है या उसके खिलाफ शिकायत मिलने पर जांचकर्ताओं अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिस दिन जांच पूरी हो तुरन्त ही रिपोर्ट दे दे। सबसे पुरानी लंबित जांच की विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हिंदी का जन्म संत साहित्यकारों के द्वारा हुआ है –प्रखर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदी दिवस सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में हिंदी दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा कि हिंदी का समूचा इतिहास हिंदी का जन्म संत साहित्यकारों के द्वारा हुआ है तुलसी, सूर, जायसी, कबीर और मीरा है। हिंदी को की दो धाराएं रही सिद्ध और बद्ध । हिंदी के आंदोलन को खड़ा करने में महावीर प्रसाद द्विवेदी, भारतेंदु हरिश्चंद्र ,खत्री जी, और




श्यामसुंदर दास। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने पढ़ा रस छंद अलंकार का अनुपम प्रबंध है। चारों तरफ से आ रही हिंदी का की गंध है। रससिकत कर रही हैं हिंदी गिरीश को निखरी हुई है हिंदी बिखरी सुगंध है। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य बीआरपी इंटर कॉलेज डॉक्टर सुभाष सिंह ने कहा हम खुद हिंदी विरुद्ध है हम खुद अपने बच्चे को हिंदी नहीं पढ़ाना चाहते। यह एक विडंबना है ।हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान ,यही है मेरे राष्ट्र की पहचान ।जीवन जो धरा पर आया है हिंदू उत्पत्ति में सभी की समानता एक है। भाषाएं, सोच बट गई है जो हमारा सनातन धर्म है जो हिंदस्थ हो जाता है हिंदी में हमारा धर्म और संस्कृति छिपी है। हम पाश्चात्य सभ्यता का नकल कर रहे हैं ।राजेंद्र प्रसाद ने कहा था हिंदी बचाओ राष्ट्र को बचाओ । हमारा उद्देश्य है हिंदी को विश्व पटल पर लाना है । कार्यक्रम का संचालन करते हुए मध्यस्था अधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने कहा कि हिंदी विश्व की सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा है। यह वैज्ञानिक रूप से भी सर्वोत्तम है। इसका शब्द कोष साहित्य भाषा ज्ञान विज्ञान संसार के हर साहित्य से बड़ा है ।लेकिन दुर्भाग्य है कि अपने देश में ही राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई तो फिर संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय भाषा कैसे बनेगी। साहित्यकार फूलचंद भारती ने हिंदी रामायण संग गीता का उपदेश दिलाती है। हिंदी सत्य ,अहिंसा परम धर्म का पाठ सिखाती है। हिंदी ममतामई माता की तस्वीर दिखाती है। हिंदी रस साहित्य समाज का दर्पण है यह बताती है ।हिंदी जब भारत के हर सपनों को साकार कराती है। हिंदी तब राजभाषा से राष्ट्रभाषा में क्यों देर लगाती है । हिंदी। उक्त अवसर पर सभी साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया ।कार्यक्रम में पत्रकार सुधाकर शुक्ला ,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक,रविंद्र मिश्रा, सागर श्रीवास्तव अतुल इत्यादि ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय/ संस्था सचिव ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मासिक बैठक में डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या ने अपने अधीनस्थ जिला पुलिस प्रमुख को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को डीआइजी अयोध्या रेंज अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने कार्यालय पर परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून–व्यवस्था के सम्बन्ध में मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी ।इस मौके पर प्रशांत वर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या, अनुराग वत्स पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी, इलामारनध्, पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी एवं अजीत कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक जनपद अम्बेडकरनगर मौजूद रहे। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने जनपद प्रभारियों के साथ जनपद में होने वाले अपराधों के रोकथाम हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये ।वही उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत गैंगेस्टर अपराधियों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही कराये जाने, विशेष अपराध के लम्बित अभियोगों/वांछित अपराधियों के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने/महिला सम्बन्धी अपराधों में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति



सम्बन्धी अपराधों में देय आर्थिक सहायता हेतु लम्बित प्रस्ताव को सम्बन्धित को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये ।इसके अलावा उन्होंने अपहृत/अपहृताओं की शत–प्रतिशत बरामदगी/जब्तशुदा वाहनों के निस्तारण एवं आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्पडेस्क पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किये जाने व डायल–112 का रिस्पान्स टाईम सम्बंधी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

## श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कालेज में हिन्दी दिवस समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कालेज चिनहट, डी. पी. एस. एकेडमी इटौंजा व जी. एस. एम. (प्राइवेट) आई. टी. आई. रामपुर राजा इटौंजा लखनऊ में 'हिन्दी दिवस' बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल, इण्टर कालेज चिनहट में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र छात्राओं ने कविताएँ सुनाई। कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्र/ छात्राओं ने 'हिन्दी अपनी शान' विषय पर निबन्ध लिखा। कक्षा 9 से 12 तक छात्र–छात्राओं के बीच अंत्याक्षरी प्रतियोगिता हुई। अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में दोनों टीमें बराबर रही। इस अवसर पर कालेज की प्रबन्धक शैल सिंह व प्रशासनिक अधिकारी पूजा सिंह उपस्थित थी।, डी. पी. एस. एकेडमी इटौंजा लखनऊ में प्रायमरी वर्ग के छात्र–छात्राओं ने कविता पाठ किया। जूनियर वर्ग के छात्र–छात्राओं ने हिन्दी सर्वश्रेष्ठ भाषा पर निबन्ध लिखा। इस अवसर पर देव ग्रुप के डायरेक्टर लाल महेन्द्र प्रताप सिंह



ने हिन्दी पखवारा मनाए जाने का निर्णय लिया। जी. एस. एम. (प्राइवेट) आई. टी. आई में कालेज के प्रधानाचार्य डा. आशीष कुमार सिंह ने हिन्दी को एक जनसामान्य भाषा बताया।

## राजसूय यज्ञ की कलश यात्रा का नेतृत्व करेंगी उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी : 06 अक्टूबर को विराट यज्ञशाला का होगा भूमि पूजन

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) आगामी 6 अक्टूबर को राजसूय यज्ञ की विराट यज्ञशाला के भूमि पूजन हेतु उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रण स्वीकार किया है। भूमि पूजन में अनेक सांसद, विधायक तथा उच्च पदस्थ आईएएस तथा पीसीएस संवर्ग के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारी गण भी भागीदारी करेंगे। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के मियागंज कस्बे में आगामी 10 नवंबर से 14 नवंबर तक होने वाले राजसूय यज्ञ की विराट कलश यात्रा का नेतृत्व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी करेंगी। कलश यात्रा में 21वीं सदी नारी सदी के नारों के साथ नारी सशक्तीकरण का शंखनाद किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गायत्री परिवार ट्रस्ट, पिहानी के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने बताया कि कि वे राजसूय यज्ञ के संयोजक मुकेश गुप्ता के साथ बापू भवन, लखनऊ स्थित उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के कार्यालय में राजसूय यज्ञ का विशेष आमंत्रण देने गए थे। इस अवसर पर शशांक 'विभु' , मार्कण्डेय शुक्ला व अमित पाण्डेय भी मौजूद रहे। कलश यात्रा प्रभारी शिवानी गुप्ता ने बताया कि राजसूय यज्ञ की मंगल कलश यात्रा में लगभग 20000 महिलाएं पीली साड़ी अथवा सलवार कुर्ते में भाग लेंगी। महिलाओं ने अभी से मंगल कलश सुसज्जित करना शुरू कर दिया है। कलश यात्रा में शाहाबाद के रामसेवक रस्तोगी द्वारा अनेक आकर्षक झांकियां भी सजाई जाएंगी। उत्तर प्रदेश के मियांगंज (उन्नाव ) में आगामी 10 से 14 नवंबर के मध्य होने वाले राजसूय यज्ञ की गूंज राजभवन तक पहुंची। राजसूय यज्ञ के संयोजक मुकेश गुप्ता तथा गायत्री परिवार ट्रस्ट, पिहानी के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर राजसूय यज्ञ का आमंत्रण देने राजभवन लखनऊ पहुंचे। आयोजकों ने राजसूय यज्ञ की विराट कलश यात्रा का 10 नवंबर को शुभारंभ करने के लिए राज सत्ता की प्रमुख प्रतिनिधि तथा नारी शक्ति की सशक्त प्रतिमूर्ति उत्तर प्रदेश की गवर्नर राज्यपाल महामहिम माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी को आमंत्रण देने के लिए पहला चरण पूरा किया। वहां के कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार सिंह तथा गवर्नर के एडीसी ने राजसूय यज्ञ के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा गायत्री परिवार के प्रतिनिधि मंडल को ससम्मान राजभवन के दर्शन कराए ।प्रतिनिधिमंडल में लखनऊ के शशांक 'विभु' तथा नरेंद्र देवड़ी भी मौजूद रहे। सभी ने राजभवन में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा पूर्वक नमन वंदन करके, भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किए जाने के लिए





आयोजित इस राजसूय यज्ञ की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा। उल्लेखनीय है कि राजसूय यज्ञ में राजा अथवा राज्य सत्ता के प्रतीक प्रतिनिधि के रूप में विशेष कर्मकाण्डों को विशिष्ट यजमान के रूप में संपन्न कराने की प्राचीन वैदिक परिपाटी है। राष्ट्र को समर्पित इस राजसूय यज्ञ में सत्ता के प्रतीक प्रतिनिधि के रूप में शासनाध्यक्षों सहित लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा, ग्राम सभा, जिला पंचायत व नगर पंचायतों के अध्यक्ष तथा सदस्य भी राष्ट्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आहुतियां देंगे। रामायण काल व महाभारत काल के बाद होगा इस सदी का पहला राजसूय यज्ञ गायत्री परिवार के प्रतिनिधिमंडल में शामिल अतुल कपूर ने बताया कि रामायण काल कथा महाभारत काल के बाद इस सदी में पहली बार यह राजसूय यज्ञ का यह विराट आयोजन होने जा रहा है, जिसमें एक मंच पर राजतंत्र के गौरवशाली पदों पर आसीन प्रमुख प्रतिनिधि पूजन करेंगे तथा तथा शासन सत्ता से जुड़े विभिन्न पदों पर आसीन प्रतिनिधि विराट यज्ञशाला में भूमिति, जयोमिति तथा वास्तु शास्त्र के आधार पर निर्मित विशेष यज्ञ–कुंडों में श्रद्धा सहित आहुतियां देंगे। दूसरे मंच पर धर्म तंत्र के प्रमुख संत तथा विविध धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख धर्मगुरु राजतंत्र का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले राजतंत्र था। तब राजा अथवा उनके प्रतिनिधि राजसूय यज्ञ में प्रमुख भूमिका निभाते थे। वर्तमान समय में प्रजातंत्र है, इसमें प्रजातंत्र में अग्रिम भूमिका निभाने वाले सत्ता के प्रतिनिधियों तथा प्रजातंत्र के रखवाले भारत के आम नागरिकों को भी यज्ञ में आहुतियां देने का अवसर दिया जाएगा।

# लापता आयुष साइकिल से पहुंच गया विंध्याचल धाम : पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कुमारगंज थाना क्षेत्र के पूरे शुक्ल मजरे गोयड़ी निवासी लापता छात्र आयुष दुबे को पुलिस ने विंध्याचल से बरामद कर लिया है। लापता छात्र को कुमारगंज पुलिस ने विधिक कार्यवाही के बाद रविवार को परिजनों को सौंप दिया। कक्षा 9 में पढ़ने वाले आयुष दुबे के साइकिल द्वारा लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय करके विंध्याचल धाम पहुंचने की घटना से सब आश्चर्यचकित हैं ज्ञात हो कि कोचिंग के लिए निकला छात्र आयुष दुबे गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था खोजबीन करने के बावजूद न मिलने पर परिजनों ने कुमारगंज थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था। शनिवार शाम मां विंध्याचल भवानी का दर्शन करने के बाद आयुष ने एक दुकानदार की मोबाइल से अपने पिता राजीव दुबे की मोबाइल पर मिस कॉल किया पिता द्वारा उक्त नंबर पर फोन करने पर आयुष से बात हुई इसके बाद कुमारगंज पुलिस को इसकी जानकारी दी गई और विंध्याचल पुलिस द्वारा आयुष को थाने पर रखा गया। इसके बाद परिजनों के साथ कुमारगंज पुलिस विंध्याचल के लिए रवाना हुई और रविवार देर शाम विधिक कार्यवाही के बाद परिजनों को सौंप दिया।आयुष ने बताया कि वह घर से निकलने के बाद सीधे साइकिल से ही विंध्याचल धाम के लिए रवाना हो गया रास्ते में मात्र एक स्थान पर चल रहे भंडारे में भोजन ग्रहण किया और लगातार रात दिन चलता रहा शनिवार सुबह विंध्याचल धाम पहुंचकर गंगा स्नान के बाद मां विंध्यवासिनी के दर्शन के उपरांत फोन पर सूचना दी। आयुष ने बताया कि वह अपने मन से माता जी के दर्शन के लिए गया था उसके साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। छोटे बच्चे की इतनी लंबी यात्रा से परिजन काफी हतप्रभ है और इसे मां बुलावा ही कह रहे हैं।

# मण्डलायुक्त की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह अगस्त 2022 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में मण्डल के जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों एवं मण्डलीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गयी। सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर उद्योग बन्धु फोरम की नियमित बैठकें की जाय तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण किया जाय, शिकायतकर्ता को बेवजह विभागीय अधिकारियों द्वारा परेशान न किया जाय, जिससे मण्डल में निवेश के अनुकूल माहौल बनाया जा सकें और अधिक से अधिक उद्यमी मण्डल में निवेश करें। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में बेवजह उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाय तथा सिविल लाइन क्षेत्र में बार–बार ट्रिपिंग होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा जल्द सुधार लाने के निर्देश दिये तथा कहा कि वर्तमान समय में अयोध्या धाम में विभिन्न कार्य प्रगति पर है इसी समय विद्युत विभाग अपने सभी कार्यो की योजनाएं बनायें, जिससे कि बाद में विद्युत सम्बंधी कोई समस्या न उत्पन्न हो पायें। मण्डलायुक्त ने सिंचाई विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने निर्देश दिये कि सभी नहरों के टेल तक पानी जरूर पहुंचे। उन्होंने सभी मुख्य विकास अधिकारियों से कहा कि अपने सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियों से नहरों में पानी की उपलब्धता की स्थलीय जांच करवायें तथा इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों से भी प्राप्त करें तथा निरीक्षण रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत की जाय। उन्होंने कहा कि सरकारी नलकूप जो खराब होते है उन्हें तत्काल ठीक कराया जाय, यदि नलकूपो के संचालन में विद्युत की कोई समस्या है तो विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर उसका निराकरण तत्काल करवायें। उन्होंने कहा कि जो भी विभाग किसानों से जुड़े है उस विभाग के सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहकर कार्य करें, जिससे कि किसानों को सर्वोत्तम सुविधा दिलायी जा सकें, इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि इस योजना के सम्बंध में सभी कृषकों को जागरुक किया जाय तथा अधिकतम कृषकों को इसका लाभ जरूर दिया जाय, जिससे फसल के नुकसान की स्थिति में किसान भाईयों की हरसम्भव मदद हो सकें। उन्होंने शासन द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना के प्रगति की भी समीक्षा करते हुये कहा कि इस योजना की नियमित समीक्षा की जाय तथा इस योजना के सम्बंध में आई0जी0आर0एस0 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाय। इस योजना से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर शत प्रतिशत पात्रों को योजना का लाभ दिलायें। वृद्वावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन के लाभार्थियों के आधार सीडिंग का कार्य इस माह के अन्त तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने शासन द्वारा चयनित किये गये आकांक्षी ब्लाकों के कार्यो की समीक्षा की। मण्डलायुक्त ने समीक्षा के दौरान सड़क एवं सेतु निर्माण, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, विद्यालयों का निरीक्षण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की संक्षिप्त समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने–अपने विभाग से सम्बंधित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बंधित कार्य तत्परता के साथ करें, जिससे पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सकें। संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन द्वारा शासन के प्रारूपों के आधार पर बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत किया गया। मण्डलायुक्त ने विकास कार्यो की समीक्षा के पश्चात राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी बाराबंकी डा0 आदर्श सिंह, जिलाधिकारी सुल्तानपुर रवीश गुप्ता, जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या, मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी, मुख्य विकास अधिकारी सुल्तानपुर, मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी आदि के अतिरिक्त मण्डलीय अधीक्षण अभियन्ता गण, अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या एवं अन्य सहायक निदेशक गण व मण्डल स्तरीय अधिकारी एवं सम्बंधित विभाग के प्रतिनिधियों आदि ने भाग लिया।

## अधीक्षण अभियंता ने सब डिवीजन कार्यालय का किया निरीक्षण : खामियों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश : लगाई फटकार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अधीक्षण अभियंता के अधीक्षण अभियंता कमलेश सिंह द्वारा मंगलवार शाम को सब डिवीजन कार्यालय बीकापुर का औचक निरीक्षण किया गया। अभिलेखों का भी अवलोकन किया। इस दौरान नलकूप विभाग बीकापुर में अफरा–तफरी का माहौल रहा। अधीक्षण अभियंता के आने की सूचना पहले से ही हो जाने के चलते सहायक अभियंता, एसडीओ सहित अवर अभियंता और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे। निरीक्षण के दौरान कई जगह पर खामियां मिलने पर उनके द्वारा नाराजगी जताई गई और सुधार करने को कहा। नलकूप परिसर में स्थित राजकीय नलकूप की स्थिति का भी अधीक्षण अभियंता द्वारा अवलोकन किया गया। सिंचाई विभाग के निरीक्षण गृह डाक बंगला की स्थिति भी देखी गई। परिसर में खरपतवार, कूड़ा करकट और जंगली झाड़ियां देखकर उनके द्वारा नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई गई। सब डिवीजन कार्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित समय से ड्यूटी पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया। बताया कि लापरवाही की शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीयूष रंजन, सहायक अभियंता पारुल, सहित अन्य कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा। अधीक्षण अभियंता कमलेश सिंह मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देने में टालमटोल करते हुए बचते रहे।

## इलाज के अभाव में बच्चे की मौत प्रकरण में तीन सदस्यीय जांच टीम का हुआ गठन : सीएचसी मवई में इलाज के अभाव में बच्चे की मौत का मामला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सीएचसी मवई पर चिकित्सकों व कर्मचारियों की लापरवाही के प्रकरण में अयोध्या के सीएमओ डॉ अजय राजा ने 3 सदस्य टीम का गठन जांच के लिए किया है।टीम में गठित किए गए जांच अधिकारी प्रकरण की भौतिक जांच करने के लिए बुधवार को सीएचसी मवई पहुंचे। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हड़कंप मचा रहा।जांच अधिकारियों ने करीब 3 घंटे तक गहनता से जांच किया।सभी का बयान दर्ज किया।अब जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौपे जाने की बात कही गई है।उसके बाद लापरवाह कर्मचारी और चिकित्सक पर कार्रवाई की तलवार लटक सकती है। आपको बता दें सोमवार की शाम मवई गांव निवासी मोहम्मद कलाम अपने 10 वर्षीय बेटे मोहम्मद शान को लेकर सीएचसी मवई पहुंचे थे।उनके पुत्र को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया था।जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई थी।मोहम्मद कलाम ने आरोप लगाया कि जब वह अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी में कोई भी अस्पताल का कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। जिससे वह अपने बेटे को कंधे पर लेकर कर्मचारियों और चिकित्सकों का दरवाजा खटखटाते रहे लेकिन करीब 20 मिनट तक कोई झांकने तक नहीं निकला।जिससे इलाज के अभाव में उनके बेटे की तड़प तड़प कर मौत हो गई। जिसके बाद मामले की शिकायत मौजूद लोगों द्वारा फोन से सीएमओ को की गई।प्रकरण सीएमओ के संज्ञान में आने के बाद तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया।जिसमें अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके शर्मा और डॉ वेद प्रकाश व कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक डॉ फराज को शामिल किया गया है।जांच अधिकारियों ने बुधवार को सीएचसी मवई पहुँचकर आपातकाल रजिस्टर चेक किया।वही ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संतोष यादव व फार्मासिस्ट शैलेष पांडेय का बयान दर्ज किया।वही पीड़ित पिता मोहम्मद कलाम का भी बयान दर्ज किया।डिप्टी सीएमओ डॉ डीके शर्मा ने बताया कि प्रकरण की जांच की गई है सभी पक्ष का बयान दर्ज किया गया।उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी जाएगी उसके बाद आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# एनसीसी कैडेट्स ने नशामुक्त अभियान में लिया हिस्सा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत के एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान विषय पर विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से सन्देश दिया। इस दौरान डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स जुड़े रहे। रक्षामंत्री ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस प्रकार अपना योगदान दिया। उसी तरह एन.सी.सी. कैडेट्स को देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने नशा से आजादी के लिए रैली निकालना, नुक्कड़ नाटक करना, सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाने के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया। इस अभियान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि भारत के 1.6 करोड़ युवाओं ने नशीले पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चला रखा है। कॉफ्रेंसिंग में प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. शैलेन्द्र वर्मा, डॉ. अंकित मिश्रा, डॉ. शिवांश कुमार एवं एन सी सी के कैडेट्स मौजूद रहे।

# कबीर मठ प्रांगण में रिसीवर की हुई एंट्री : परीक्षादास का कमरा किया गया सीज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विगत 10 वर्षों से विवादित कबीरमठ प्रकरण में उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुये अयोध्या के जिलाधिकारी ने मठ में रिसीवर का चार्ज लिया है। कबीरमठ के महंत उमाशंकर के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार श्री कबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर अयोध्या में एक दशक से चल रहे स्वामित्व के मामले को लेकर उच्चन्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने मठ के विवाद के एक अहम पायदान में जिलाधिकारी को रिसीवर नियुक्त करने का आदेश दिया था। उक्त आदेश का परिपालन करते हुये पूर्व अध्यक्ष परीक्षा दास के निवास सहित 11 कमरों को सीज कर दिया। गौरतलब हो कि दो माह पूर्व डिप्टी रजिस्ट्रार एवं चिटफंड सोसायटी अयोध्या द्वारा परीक्षादास व धर्मप्रकाश दास को सत्र न्यायालय द्वारा सजायफ्ता मुकर्रर किये जाने के बाद इन दोनों को मठ के तीनों प्रारूप से इनकी सदस्यता खारिज करते हुये मंदिर में रहने के अयोग्य करार दिया गया था। उसी के मद्देनजर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुये आगामी फैसले तक के लिए कार्यवाही की है। श्री कबीर धर्म मंदिर सेवा समिति के प्रकरण में हाई कोर्ट लखनऊ द्वारा जिला मजिस्ट्रेट अयोध्या को 14 सितंबर की डेट में तलबी होने के बाद जिला प्रशासन आया हरकत में स उपजिलाधिकारी सदर सहित तहसीलदार अयोध्या को किया गया रिसीवर नियुक्त स रिसीवर तहसीलदार सदर मौके पर 4 घंटों के कड़ी मशक्कत के बाद परीक्षा दास के कमरे सहित कबीर मठ को किया सीज स परीक्षा दास रिसीवर के बने रहने तक मठ परिसर में उनके आने को किया प्रतिबंधित स मठ परिसर में कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता स साथ ही कबीर मठ की खेती–बारी से संबंधित मामले एवं समस्त संपत्तियों को रिसीवर तहसीलदार सदर ने अपने अंडर में किया। बताते चलें कि इस बीच मठ परिसर में बिना डीएम के परमिशन के किसी भी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक लगाते हुये तथा मंदिर सदस्य के अतिरिक्त किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश परिसर में रोक लग गया है स इसके अलावा मठ के आय–व्यय से संबंधित पाई–पाई का हिसाब माननीय रिसीवर रखेंगे जबतक कि अगला आदेश नहीं आ जाता। इस बीच कबीरद्वारा पत्रिका कार्यालय को बहाल रखते हुये सम्पादक शीलदास को उसका अनवरत प्रकाशन करते रहने का भी निर्देश दिया है, जो कि अबतक का प्रकाशन अधिभार जनसहयोग से होता आ रहा था जिसके बाद अब उक्त अधिभार महंत उमाशंकर दास के थ्रू माननीय रिसीवर द्वारा प्राप्त होगा स इस प्रकार देखा जाय तो मठ पर काबिज उमाशंकर गुट के लिए उक्त कार्यवाही राहत भरा कदम कहा जा सकता है।

## पीएसआई इण्डिया के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन : परिवार नियोजन सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर हुई चर्चा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार मे स्वास्थ्य विभाग एवं पीएसआई इण्डिया के संयुक्त तत्वाधान में निजी क्षेत्र के अस्पतालों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ । बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने किया। परिवार नियोजनसेवाएं , टीकाकरण और प्रसव सेवाओं को लेकर चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि सभी निजी चिकित्सालयों द्वारा परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए। एचएमआईएस के सभी आवश्यक बिंदुओं ( परिवार नियोजन की सेवाएं , टीकाकरण और प्रसव पूर्व जांचे ) से सम्बंधित सूचनाएँ एचएमआईएस पर अपलोड करना अनिवार्य है। अर्बन नोडल डॉक्टर वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि एचएमआईएस पर डेटा अपलोड करना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि निजी क्षेत्र के हॉस्पिटल 60 प्रतिशत लाभार्थियों को सेवाएँ दे रहे हैं । और आवश्यक है की ये सूचना सरकार के पास उपलब्ध रहे । जिससे की राज्य स्तर पर रैंकिंग उपडेट हो सके। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने कहा कि बड़े मेटरनिटी होम्स अपने अस्पतालों में योग्य दम्पतियों को अनिवार्य रूप से परिवार नियोजन, मातृत्व स्वास्थ्य व टीकाकरण सेवाओं की जानकारी दी जानी चाहिए । इसके लिए अपने मेटरनिटी होम्स एक कार्नर बनाये। बैठक में निजी क्षेत्र के अस्पतालों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से डीसीपीएम अमित कुमार , जिला परिवार नियोजन लाजिस्टिक मैनेजर रामेश्वर , पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि नविता उपस्थित रहे।

# ग्राहकों की मांग पर एच बीएम गोल्ड टीएमटी रिबार्स का दिल्ली एनसीआर बाजार में हुआ धमाकेदार शुरुआत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय निर्माण क्षेत्र में स्टील टी एम टी रिबार्स के बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए देश के अग्रणी भवन निर्माण सामग्री कंपनी एच बी एम गोल्ड ने बाजार में एच बी एम गोल्ड –550 एसडी ब्रांड नाम से टी एम टी एंड रिबार्स लांच किया।उसी कड़ी में गाजियाबाद जिले के लोनी बाजार में दिल्ली स्टील्स एंड सेनेटरी स्टोर्स पर ग्राहकों के लिए एच बी एम गोल्ड स्टील उपलब्ध कराया गया।इस मौके पर कंपनी के फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल कनोडिया ने बताया कि कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री मैटेरियल्स की कमी को देखते हुए हमने एच बी एम गोल्ड कंपनी की स्थापना की।जिसमें सीमेंट एंड स्टील के साथ – साथ अन्य बिल्डिंग मैटेरियल्स जैसे एंगल ,चैनेल्स ,एम एस पाइप्स ,पिट्स ,पाइप्स,पी ओ पी, वाल पुट्टी,प्लाई वुड, कलर कोटेड शीट आदि एच बी एम गोल्ड नाम से उपलब्ध करा रहे है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह एक पैन इंडिया कंपनी है।जो जल्द ही सम्पूर्ण देश में ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली भवन निर्माण सामग्री उपलब्ध करायेगे।उन्होंने कहा कि अभी हम ,उत्तरप्रदेश , उत्तराखंड , दिल्ली एनसीआर,हरियाणा एवं राजस्थान में अपनी उपस्थिति बनाये हुए है।वर्ष 2024 तक सम्पूर्ण भारत में एच बी एम गोल्ड एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित करने का हमारा टारगेट है।हम आपमें साथ मध्यम एवं बड़े निर्माण करता को अपने उत्पादन छमता का पूर्ण उपयोग करने एवं लाभ कमाने का अवसर प्रदान कर रहे है।इस अवसर पर कंपनी के राजेश खुराना ने बताया की एच बी एम गोल्ड टी एम टी रिबार्स –550क एक बेहतरीन गुणवत्ता का स्टील रिबार्स है । यह ै –1786:2008 के मानकों के यांत्रिकी एवं रासायनिक गुणों की विशिष्टता के अनुसार है।एच बी एम गोल्ड बाजार में 8 मम साइज से लेकर 32 मम के साइज तक ग्राहकों के हर जरूरतों के लिए उपलब्ध है। जो अधिक लचीलापन, बेहतर वेल्डेविलिटी एंड रेबलडेबिलिटी ,जंगरोधी , शुद्धता ,उच्च गुणवत्ता , भूकंप रोधी जैसे सभी गुणों से



युक्त है इस अबसर पर खुराना ने एच बी एम गोल्ड टी एम टी एंड रिबार्स के बिजनेस डेवलपमेंट प्लान को विस्तृत रूप में बताया। इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर विक्रम अग्रवाल ने बताया की एच बी एम गोल्ड टी एम टी एंड रिबार्स को ग्राहकों को आसानी से उपलब्धता बनाने के लिए अपने विशाल नेटवर्क के साथ खड़ा है। यह कंपनी अपने उत्पाद को ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए न्यूज पेपर एड , टी वी एड , रेडियो एड , दीवाल – दुकान पेंटिंग्स , इन शॉप ब्रांडिंग ,डीलर्स बोर्ड्स , होर्डिंग्स , ट्रक ब्रांडिंग , ढाबा ब्रांडिंग , इंजीनियर एंड आर्किटेक्ट मीट , रिटेलर्स / डीलर्स मीट एवं विभिन्न प्रकार के पॉइंट्स ऑफ पब्लिसिटी मैटेरियल्स और गिफ्ट जैसे पेन ,पेड , की रिंग,आदि उपलब्ध करा रहे है। कंपनी अपने ब्रांड को लोकप्रिय बनाने के लिए बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है जो भिभिन्न माध्यमों से हमारे प्रोडक्ट्स को लोकप्रिय बना रहे है।इस अवसर पर कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स , मेसर्स दिल्ली स्टील्स एंड सेनेटरी हाउस लोनी के प्रमोटर नितिन गर्ग और दीपक गर्ग ,, स्टील व्यापारी गौरव अजमेरा ,सौरभ अजमेरा ,लोकेश गर्ग , सौरभ गुप्ता , प्रतीक गुप्ता ,मनोज अग्रवाल ,बिजेंद्र त्यागी ,अरुण जुटा अंकित गुप्ता सुमित सिंघल , सुमेर सिंह ,सुनील रस्तोगी ,मनोज गुप्ता ,बी अल अग्रवाल संदीप जैन के साथ – साथ दिल्ली एनसीआर अनेकों प्रतिष्ठित स्टील व्यापारी उपस्थित रहे। वही इसी कड़ी में इस अवसर पर उत्तर भारत जैसे उत्तरप्रदेश ,पंजाब ,हरियाणा आदि के अनेको स्टील निर्माता कंपनी के प्रमोटर उपस्थित होकर एच बी एम गोल्ड टीम के उत्साह को बढ़ाया।वही इसी कड़ी में इस मौके पर कंपनी के जनरल मैनेजर ब्रांड डाक्टर के एन झा एवं एरिया सेल्स मैनेजर सुरेंद्र कुमार,खुशाल सिंह,मैनेजर ब्रांड ,अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हिंदी दिवस पर भोजपुरी भाषा के मिठास पर हुई चर्चा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय एस.एस. वी. इंटरमीडिएट कॉलेज में हिन्दी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य डॉ तिवारी जी ने कहा कि हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए किन्तु अपनी मातृभाषा को कभी भी विस्मृत नहीं करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान भोजपुरी बोली के मिठास को भी रेखांकित किया । विद्वद्जनों में उपप्रधानाचार्य कृष्णानंद तिवारी ,रविप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ उदयभान मिश्र, अनिल मिश्र और मनीष सक्सेना ने हिंदी विषय पर अपने विचार व्यक्त किये । विद्यालय के छात्रों द्वारा काव्य पाठ , भाषण , गीत आदि मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। संचालन विवेकानन्द पाण्डेय ने किया। आयोजन में सुमन यादव , जयेंद्र पाठक, आशीष द्विवेदी , कमल किशोर पाण्डेय , संजय मेहरोत्रा, अरुण कुमार दूबे सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कई महीने से बिना कार्य वेतन ले रहे 11 एडीओ पंचायत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कई माह से 11 वीडियो मुफ्त का वेतन ले रहे हैं इनकी वजह से पंचायत सचिव ग्राम विकास अधिकारी रेडियो पर पदोन्नति बाद उनके सापेक्ष तैनाती ना होना पदोन्नत मिलने के बाद पोस्टिंग की जानी चाहिए जो शासन स्तर से होनी है उनका अभी इंतजार है जिला विकास अधिकारी उपेंद्र पाल इनकी पोस्टिंग को शासन का क्षेत्राधिकार बताते हैं प्रकरण शासन के संज्ञान में है इस महीने इनकी तैनाती होने की संभावना है किसी को पदोन्नत मिले 1 वर्ष से ज्यादा तो किसी को 4 माह होने को है वह पदोन्नत दो बार में हुई पहली बार 2 मार्च 2021 15 पंचायत सचिवों को वीडियो पद पर पदोन्नत मिली इसमें से 11 की पद से साकेत जिले में 3 जून 2021 को ब्लॉक में पोस्टिंग हो गई इनमें से राजेंद्र वर्मा अवैध नाथ अश्वनी शुक्ला एवं गोरखनाथ को तैनाती की पोस्टिंग ना होने से सरकारी खजाने से पद के लिए मुफ्त का वेतन देना मजबूरी है मुफ्त का वेतन कहने पर यह ऐतराज जताते हैं कहते हैं कि वीडियो जो विभागीय कार्य बताते हैं उसे करते हैं पोस्टिंग के बाद ही व पद के सापेक्ष दायित्व पूर्ण करने को अधिकृत होंगे इसी तरह दूसरी बार के साथ ग्राम विकास अधिकारी जिनकी पोस्टिंग के इंतजार में 3 माह से अधिक हो गए इसके नाम विजय चौधरी भगवान भी अनिल सिंह महेंद्र सिंह नरेंद्र पांडे बताए गए हैं के सापेक्ष तैनाती ना मिलने से इन सब को भी मुफ्त का वेतन मिल रहा है एडीओ का वेतन करीब 60000 प्रति माह है सभी का 11 माह का वेतन जोड़ दिया जाए तो वह प्रति माह 600000 से अधिक होगा पोस्टिंग ना होने के बावजूद वेतन से आने लगा है पहले सी ब्लॉक में पंचायत सचिव होने पर वेतन में आचार्य नहीं कटता था वीडियो बनने के बाद अभी उसी ब्लाक में आदमी लगना उनकी मजबूरी है ऐसे में इन सब को रास नहीं आ रहा है।

# हिंदी का परचम अंग्रेजी भाषा की अहमियत के बराबर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आज हिंदी का परचम अंग्रेजी भाषा की अहमियत के बराबर है , जिसका प्रभाव भारत के गांव की चौखट से लेकर Google की छत तक पहुँचने में दिख रहा है। भारत विविधताओं से भरा देश है। विविधता के होते हुए भी हिंदी ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सचिवालय ने अपनी कामकाजी भाषा के रूप में हिंदी को भी शामिल कर लिया है। हिंदी भाषा को इंटरनेशनल लेवल पर जो मान सम्मान मिल रहा है वह गर्व की अनुभूति कराता है। हिंदी का कद लगातार बढ़ रहा है। वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के सर्वे के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली 20 भाषाओं में से 6 भाषाएं भारत की है । अंग्रेजी और मंडारिन के बाद हिंदी तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी भाषा भारत को ही नहीं पूरे विश्व को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रही है। बहुत सारी मल्टीनेशनल कंपनियां भारत में प्रचार प्रसार के लिए हिंदी को अपनी भाषा के रूप में अपना रही है जिसका उदाहरण – LinkedIn नामक प्रोफेशनल वेबसाइट के द्वारा हिंदी को अपनी रीजनल भाषा चुने जाने से मिलता है । इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे कि Twitter , Facebook , Instagram आदि ने भी हिंदी को अंग्रेजी भाषा के बराबर महत्व दिया है। हिंदी भाषा में इतनी सफलता के बावजूद आज भी भारत में हिंदी को अंग्रेजी से कमतर आंका जाता है। यहां तक की सिविल सर्विसेज की परीक्षा में भी हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों को अंग्रेजी माध्यम के अभ्यर्थियों से कम अंक मिलते हैं। जो हिंदी के प्रति हमारी छोटी सोच को दर्शाता है।आओ हिंदी के प्रति हीन भावना को छोड़ते हुए, हिंदी का सम्मान करें।संजीव कुमार यादव (स. अ.) प्राथमिक विद्यालय शुक्लापुर, रुदौली।

# दो दुकानदारों में मारपीट : केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गोसाईगंज कोतवाली इलाके के पूर्वी छोर पर स्थित तेजापुर में दो दुकानदारों के बीच आपसी वादविवाद के मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों तरफ से केस दर्ज कर लिया है। दोनों दुकानदारों का एक दूसरे पर आरोप है कि उनकी दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ किया गया। एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक गोसाईगंज कस्बे से सटे गांव तेजापुर में साईं ऑटो पार्ट तथा ओम क्लिनिक मेन रोड के दोनों तरफ आमने सामने स्थित हैं। दोनों दुकानदारों का आरोप है कि सोमवार की शाम को उनकी दुकान में घुसकर उन्हें तथा उनके कर्मियों के साथ मार पीट की गई।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान में तोड़फोड़ भी किया गया। दोनों दुकानदारों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायती पत्र दिया है।शिकायती पत्र ने साईं ऑटो पार्ट्स के मालिक विश्वजीत तिवारी ने तेजापुर निवासी अजय यादव, रामफेर, कल्लू, नीरज यादव के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट के संबंधित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है तो वहीं दूसरी तरफ अजय यादव ने विश्वजीत तिवारी तथा रोशन लाल निवासी चिताबां थाना तारुन के खिलाफ तोड़फोड़ व मारपीट का केस दर्ज कराया है।एसएचओ ने बताया कि दोनों की तरफ से मिली शिकायती पत्र के आधार पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यदेवानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002
RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।